भारत में स्टंट के बाद अब दिशा पाटनी दिखेंगी मलंग में ऐक्वा स्पोर्ट्स इंजॉय करती हुई

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी ने तेलुगू फिल्म लोफर से साल 2015 में डेब्यू किया था। इसके बाद वह फिल्म फिल्म एम एस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी में नजर आईं। फिल्म में उनके किरदार को काफी सराहा गया था। हाल ही में दिशा फिल्म भारत में स्टंट परफार्म करती नजर आई थीं। फैन्स ने उन्हें इस भूमिका में भी काफी पसंद किया। अब वह आने वाली फिल्म में पानी के साथ मस्ती करती हुई यानी कि ऐचा स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाती नजर आएंगीं। जी हां मलंग में उनकी भूमिका ही कुछ ऐसी है। बता दें कि हाल ही में उन्होंने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मलंग में दिशा पानी में नजर आएंगी। सूत्रों के मुताबिक ऐक्ट्रेस ने इस बारे में बताया कि उन्हें पानी के साथ मस्ती करना बेहद पसंद है। यही वजह है कि फिल्म के दौरान जब उन्हें ऐचा स्पोर्ट्स की शूटिंग करनी थी तो वह बेहद खुश थीं। दिशा ने बताया कि पानी के अंदर शूटिंग करना उनके लिए काफी सहज था। उन्होंने इसे काफी इंजॉय किया। यानी कि दिशा को पानी काफी ज्यादा पसंद है। ऐसे में उन्हें वॉटर बेबी कहना गलत नहीं होग। फिल्म में आप दिशा को ऐक्वा स्पोर्ट्स के अलावा काइट सर्फिंग, सब विंग और स्कूबा डाइविंग करते हुए भी देखेंगे। फिल्म की शूटिंग गोवा, मॉरिशस के अलावा मुंबई के अलग-अलग स्पॉट्स पर की गई है। बता दें कि दिशा की फिल्म मलंग में उनके अलावा आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर भी शामिल हैं। फिल्म साल 2020 में 14 फरवरी को रिलीज होगी। बता दें कि काम को लेकर दिशा काफी समर्पित ऐक्ट्रेस मानी जाती हैं। इसका उदाहरण फिल्म मलंग की शूटिंग के दौरान देखने को मिला। जब एक शूट के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन उन्होंने इंजेक्शन लेने के बाद राहत मिलते ही तुरंत शूटिंग शुरू कर दी थी।यही नहीं फिल्म भारत के सेट पर फ्लिप, फायर हूप और जंप के दौरान भी दिशा के घुटने में चोट आ गई थी। लेकिन दिशा ने अपने काम पर इसका असर नहीं पड़ने दिया था।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई तस्वीरों में स्टाइलिश नजर आ रही हैं ऐक्ट्रेस हिना खान

बॉलिवुड और टीवी सिलेब्स सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं और फैंस के साथ लाइफ से जुड़े अपडेट्स शेयर करते रहते हैं। इस मामले में टीवी ऐक्ट्रेस हिना खान काफी आगे हैं।

सोशल मीडिया पर अब कसौटी जिंदगी की स्टार हिना की काफी फैन फॉलोइंग है और शायद यही वजह है कि वह अपने लुक्स से फैंस को स्टाइल गोल्स देती रहती हैं।

हाल ही में ऐक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी सुबह की तस्वीरें पोस्ट कीं जिसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रही हैं और उन पर सूरज की चमक पड़ते हुए दिख रही है। यहां हिना जैकेट और गॉगल्स के साथ वाइट टॉप पहन रखा है और सन रेज को इंजॉय करती दिख रही हैं। बता दें, हिना अक्सर अपने आउटफिट के फोटोज फैंस के साथ शेयर करती हैं।

हिना इन दिनों अपने अगले प्रॉजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं। उनके साथ उनके बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल भी मौजूद हैं। हिना ने कुछ दिनों पहले बॉयफ्रेंड के साथ भी तस्वीरें शेयर की थीं।

मैं हमेशा से नच बलिए का हिस्सा बनना चाहती थी: अनीता हसनंदानी

ऐक्ट्रेस अनीता हसनंदानी अपने पति रोहित रेड्डी के साथ डांस रिऐलिटी शो नच बलिए के 9वें सीजन में नजर आएंगी। उनका कहना है कि वह परफॉर्मेंस के साथ न्याय करना चाहती हैं।

अनीता ने कहा, मुझे डांस करना पसंद है और मैं हमेशा से नच बलिए का हिस्सा बनना चाहती थी लेकिन दूसरे कमिटमेंट्स के कारण पहले ऐसा नहीं हो सका। अब मेरे पास समय है तो मैं इसी शो पर पूरा फोकस कर सकती हूं और अपनी परफॉर्मेंस के साथ न्याय कर सकती हूं।

शो के लिए कैसे तैयारियां कर रही हैं, इस बारे में बात करते हुए ऐक्ट्रेस ने कहा, मैं लंबे समय बाद डांस कर रही हूं तो अभी मैं खुद पर काम कर रही हूं और बॉडी को वॉर्म-अप कर रही हूं। मेरे कोरियॉग्रफर्स जो भी मुझे सिखा रहे हैं, मैं उसमें अपना बेस्ट देने की कोशिश कर रही हूं। बता दें, नच बलिए 9 को सुपरस्टार सलमान खान प्रड्यूस कर रहे हैं। इस सीजन में 5 पूर्व कपल्स उन 5 कपल्स के साथ पार्टिसिपेट करें जो अब भी साथ में हैं।